an>

Title : Need to set up a Krishi Vigyan Kendra in Pataliputra Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): महोदय, आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र की ओर आकृष्ट करते हुए कहना है कि पटना जिला मे एकमात्र कृषि विज्ञान केंद्र बाढ़ में कार्यरत है। यदि मेरे क्षेत्र के किसी किसान को कृषि से संबन्धित नवीनतम तकनीकी जानकारी अथवा लाभप्रद योजनाओं से अवगत होना हो तो उसे बाढ़ जाने हेतु करीब 80 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ेगी जो किसी भी दृष्टिकोण से तर्कसंगत एवं व्यावहारिक नहीं है। उल्लेखनीय है कि सरकार के स्तर से किसानों को नए तरीके से तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर उनकी आमदनी को दुगुनी करने की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई गयी हैं जिसमे कृषि विज्ञान केंद्र की अग्रणी भूमिका है। उक्त उद्देश्य से लाभान्वित होने से मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता पूर्ण रूप से वंचित है क्योंकि कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र की दूरी मेरे संसदीय क्षेत्र से करीब 80 किलोमीटर की दूरी पर है।

यह भी विदित है कि पटना जिले का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है तथा पटना जिले में तीन लोकसभा क्षेत्र पड़ते हैं तथा पटना में एकमात्र कृषि विज्ञान केंद्र बाढ़ मे स्थापित है। यदि जिले का क्षेत्रफल बड़ा हो तो उक्त जिले में अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र खोलने का भी दृष्टांत उपलब्ध है । अतः माननीय कृषि मंत्री जी से आपके माध्यम से करबद्ध प्रार्थना है कि उपरोक्त तथ्यों के आलोक में कृपया प्राथमिकता के आधार पर मेरे पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले 6 विधानसभा क्षेत्रों (यथा- फुलवारीशरीफ़, दानापुर, मनेर, पालीगंज, मसौढ़ी, बिक्रम) में से किसी एक में, यथोचित स्थान पर कृषि विज्ञान केंद्र खोलने की दिशा में वांछित आदेश एवं निर्देश अविलंब देने की कृपा की जाये।